आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 12.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से राष्ट्रीय संसाधनों पर बोझ कम करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।
- केंद्र सरकार ने कहा– पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का 60 दिन का तथा एलपीजी का 45 दिन का भंडार उपलब्ध।
- कुंभ मेला–2027 के लिए गंगा की स्वच्छता और अविरलता सुनिश्चित करने को केंद्र सरकार ने राज्य को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।
- ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर नगर निगम में 'महापौर जनता के द्वार' अभियान का शुभारंभ।
- **और...** राज्य के पर्वतीय जिलों में अगले 36 घंटे के दौरान भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं का ऑरेंज अलर्ट जारी।

पश्चिम एशिया संघर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष को एक दशक के सबसे बड़े संकटों में से एक बताते हुए राष्ट्रीय संसाधनों पर बोझ कम करने के लिए नागरिकों से एकजुट होने का आह्वान किया है। वडोदरा में सरदारधाम छात्रावास का लोकार्पण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है कि इस स्थिति का देशवासियों पर कम से कम प्रभाव पड़े।

श्री मोदी ने लोगों से सात सूत्री अपील को अपनाने की आग्रह दोहराया।

पेट्रोलियम उत्पाद

केंद्र सरकार ने कहा है कि पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का 60 दिन का तथा एलपीजी का 45 दिन का भंडार उपलब्ध है। विदेशी मुद्रा भंडार 703 अरब डॉलर के स्तर पर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में हुई मंत्रिसमूह की बैठक में यह जानकारी दी गई। भारत उन चुनिंदा देशों में से है जहां संघर्ष शुरू होने के 70 दिन के बाद भी पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। सरकार ने कहा कि लोगों को घबराने या ईंधन और अन्य उत्पादों की अत्यधिक खरीद करने की आवश्यकता नहीं है।

कुंभ मेला–2027

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कुंभ मेला–2027 के दृष्टिगत गंगा की स्वच्छता और अविरलता बनाए रखने के लिए राज्य सरकार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गंगा नदी की स्वच्छता और अविरलता सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार का जल शक्ति मंत्रालय प्रदेश सरकार को हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हेली सेवाओं

उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण– यूकाडा, चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और हेली सेवाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

यूकाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर आशीष चौहान ने बताया कि चारधाम हेली यात्रा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से अधिक सुरक्षित, सरल और सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है।

यूकाडा के अनुसार, 22 अप्रैल से अब तक 21 हजार से अधिक श्रद्धालु हेलिकॉप्टर के माध्यम से चारधाम यात्रा कर चुके हैं।

'महापौर जनता के द्वार' अभियान

ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 11 में 'महापौर जनता के द्वार' अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मेयर विकास शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों का समाधान करना ही नहीं, बल्कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना भी है।

शास्त्रीय संगीत समारोह 2026

सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में 'गुरु–शिष्य परम्परा के तहत भव्य शास्त्रीय संगीत समारोह–2026' का आयोजन किया गया। समारोह में देश के प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत वादकों और गायकों के साथ स्थानीय संगीत प्रेमियों और संगीतज्ञों ने भी भाग लिया।

समारोह की मुख्य शास्त्रीय गायिका, आकाशवाणी लखनऊ और वाराणसी की पूर्व कार्यक्रम निदेशक रश्मि चौधरी ने राग पुरिया, खमाज और दादरा की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायिका रश्मि चौधरी ने कहा कि संगीत की रोशनी निरंतर जलती रहे, इसी संकल्प के साथ इस शास्त्रीय संगीत समारोह की शुरुआत की गई है।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के दौरान राज्य के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

विभाग के अनुसार, इस अवधि में राज्य के विभिन्न हिस्सों में ओलावृष्टि और झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। इसके अलावा, चार हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का भी अनुमान व्यक्त किया गया है।

मौसम विभाग ने चारधाम यात्रियों से मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए ही यात्रा करने की अपील की है। साथ ही, मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह भी दी गई है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न वैश्विक व्यवधानों के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी की अपील को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ पहले पृष्ठ पर प्रकाशित किया है।

इसी खबर पर नवोदय टाइम्स लिखता है– 24 घंटे में दूसरी बार प्रधानमंत्री ने की तेल– गैस बचाने की अपील।

दैनिक जागरण ने शीर्षक दिया है– केंद्रीय मंत्रालय खुद भी पेट्रोल और डीजल की खपत को कम करेंगे।

हिन्दुस्तान समाचार पत्र प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है–कोरोना महामारी की तरह इस संकट से भी बाहर निकल आएंगे।

अमर उजाला ने लिखा है– वर्क फ्राम होम को बढ़ावा दें, कक्षाएं आनलाइन संचालित हो।